


卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐 卐 सीताराम बाबा जी 卐 卐 जय बाबा की 卐 卐 श्याम बाबा 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥ मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त | हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 149 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦8 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in







# शिव भक्ति में डूबी देवभूमि

## मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़,जयकारों से गूंजे शिवालय, सीएम धामी ने खटीमा के वनखंडी महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक





देहरादून/रूद्रपुर/खटीमा/हल्द्वानी/काशीपुर। महाशिवरात्रि का पर्व आज प्रदेश भर में भक्तिभाव से मनाया गया। इस अवसर पर शिवालय जयकारों से गूंज उठे। हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटे कांवरियों के साथ ही अन्य श्रद्धालुओं ने भी मंदिरों में जलाभिषेक किया। दून में गढ़ी कैंट स्थित ऐतिहासिक श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर, पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर सहारनपुर चौक, जंगम शिवालय पलटन बाजार, कमलेश्वर महादेव मंदिर जीएमएस रोड, प्राचीन शिव मंदिर धर्मपुर, धोलेश्वर महादेव मंदिर ग्राम धोलास विभिन्न मंदिरों में श्रृंगार कर शिव पूजा हुई। तड़के चार बजे से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। सहारनपुर चौक स्थित श्री पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में 2100 दीयों की रंगोली में शिव पार्वती स्वरूप में भव्य दर्शन श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। महाशिवरात्रि पर गढ़ी कैंट स्थित श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 10 दिवसीय मेला भी आज से शुरू हो गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी ने अपने गृह क्षेत्र खटीमा में स्थित वनखंडी महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की और मेले का शुभारम्भ किया। **रूद्रपुर–** महाशिवरात्रि नपर्व पर आज नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में हरिद्वार से पावन गंगा जल लेकर आये कांवरियों सहित हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक किया। मध्य रात्रि से ही सभी शिवालय भगवान शिव शंकर के जयघोषों से गुंजायमान हो उठे। शिवालयों में पहुंचे शिव भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती आदि पूजा सामग्री के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों की कई दुकानें सजी हुई थीं। अनेक मंदिरों में भगवान का चरणामृत प्रसाद वितरित किया गया। श्री सनातन धर्म सभा द्वारा संचालित लक्ष्मी नारायण पांच मंदिर में सुबह चार बजे से



ही जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर में बड़ी संख्या में हरिद्वार से गंगा जल लेकर लौटे कांवरियों के विश्राम की व्यवस्था की गयी थी। कांवरियों ने तड़के जलाभिषेक किया। सुबह से ही मंदिर का पूरा वातावरण शिवमय हो गया। इस दौरान सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, सरपरस्त नंद लाल भुड्डी, उप प्रधान तिलकराज घई, विजय जग्गा, अनिल अरोरा, राकेश रामदेव, राकेश सुखीजा, दीपक अरोरा, विजय बिरमानी, रोहित जग्गा, महिला मंडली की अध्यक्ष श्रीमति शशि अरोरा, राज तागरा, पिंकी ग्रोवर, आकांक्षा अनेजा, किरन जग्गा, करमचन्द्र, राज वर्मा, गौरव तनेजा, अजय चड्डा आदि व्यवस्थाओं में जुटे रहे। उधर आवास विकास स्थित शिव शक्ति मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान शिव शक्ति मदिर सभा एवं शिव शक्ति मंदिर युवा मंच के कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे। इस दौरान सरपरस्त नरेश अग्रवाल, अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री अभय गोयल, सरपरस्त विकास भल्ला, गगन दुनेजा, ओमप्रकाश, सन्नी अरोरा, संयम अरोरा, हरीश कुमार, अनंत विश्नोई, आशु सुखीजा, राजू ढलला, हरीश कुमार, भूपेन्द्र चौधरी, (शेष पृष्ठ सात पर)

## दस मई को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

देहरादून। ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को सुबह 7 बजे खुलेंगे। यह जानकारी श्री बद्रीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति ने दी है। मंदिर समिति ने बताया कि पंचमुखी डोली 6 मई को श्री केदार नाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी और विभिन्न पड़ावों से होते हुए 9 मई की शाम को केदारनाथ धाम पहुंचेगी। कपाट खुलने की तिथि आज पचकदार गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में श्री बद्रीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय की मौजूदगी में आयोजित समारोह में तय की गई है।









## मनीष खंडूड़ी ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

देहरादून । उत्तराखंड कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। मनीष खंडूडी ने कांग्रेर्स की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में उन्होंने बताया कि मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध हालातों में दो युवकों ने दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में अलग अलग संदिग्ध मामलों में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम केसरपुर बरेली निवासी करीब 25 वर्षीय महेन्द्र पुत्र स्व. सियाराम यहां शमशान रोड विवेक नगर ट्रांजिट कैम्प में किरायेदार के रूप में अकेला रहता था और मजदूरी करता था। बताया जाता है कि पड़ोस में रहने वाले उसके साले अनिल ने भांजी की फोटो अपने मोबाईल में लगा रखी थी। जिसको लेकर महेन्द्र ने उससे एतराज जताया था। इसके बाद उसने अनिल के मोबाईल से वह फोटो हटा दी थी। गत



दिवस मकान मालिक की पुत्री करीब प्रातः 11 बजे कोई सामान ढूंढती हुई महेन्द्र के कमरे की तरफ गई तो उसने महेन्द्र को कमरे में फांसी पर लटका देखा। उसने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। लेकिन पुलिस को मामले की जानकारी करीब शाम 4 बजे मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंची और मकान मालिक सहित वहां मौजूद लोगों से मृतक के बारे में जानकारी ली और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को अपने कब्जे में लेकर जिला चिकित्सालय भिजवाया। पुलिस का कहना है कि मामला संदिग्ध प्रतीत हों रहा है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने का इंतजार किया जायेगा। इधर मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक (शेष पृष्ठ सात पर)

## दमन के खिलाफ महिलाएं धरने पर बैठी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। राज्य में महिलाओं के साथ हो रहे दमन के विरोध में इंडिया गठबंधन ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बुधपार्क में धरना दिया। धरने के माध्यम से बनभूलपुरा क्षेत्र में महिलाओं के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को दंडित करने, अंकिता को न्याय दिलाने, अंकिता केस में वीआईपी के नाम का खुलासा करने की मांग की गयी। इस



अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 8 फरवरी की बनभूलपुरा हिंसा की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को एक माह बीत चुका है लेकिन अभी भी पुलिस द्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)

# सनातन धर्म मंदिर में शिव भक्तों का लगा तांता



गदरपुर(उद संवाददाता)। बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के दौरान शिवालय पर जल चढ़ाते हुए भक्तजनों द्वारा भोले बाबा से परिवार एवं देश की सुख समृद्धि की कामना की गई । इस दौरान पंडित विजय कुमार शास्त्री द्वारा मंत्र उच्चारण एवं प्रार्थना द्वारा भोले बाबा के भक्तों को शिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं प्रदान की गई । शिवरात्रि पर्व पर हरिद्वार से कांवर में गंगाजल लेकर आए हजारों भक्तों द्वारा शिवालय पर जल चढ़ाने हेतु प्रातः से ही लंबी-लंबी कतारे लगनी शुरू हो गई । इस दौरान तमाम श्रद्धालुओं ने शिव बाबा को नमन करके अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुडिया ने ग्राम अलखदेवी के मंदिर में हरिद्वार से पैदल कांवर में गंगाजल लेकर आए भोले बाबा के भक्तों का स्वागत किया और भंडारे के रूप में प्रसाद वितरण किया।उन्होंने इस अवसर के दौरान शिव बाबा का गंगाजल से अभिषेक भी किया। इस मौके पर पूरे ग्रामवासी एवं शिव भक्त तथा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरलोक सिंह नामधारी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह चीमा व गांव के सम्मानित जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ठुकराल ने किया जलाभिषेक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शिवरात्रि के उपलक्ष्य में संजय नगर खेड़ा के खुदीराम बोस नगर कॉलोनी के शिव मंदिर में पहुंचकर जलाभिषेक किया और विधिवत पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही विधायक ठुकराल ने सुभाष कालोनी, संजय नगर, आदि मंदिरों में भी पहुंचकर पूजा अर्चना की और वहां पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटे शिवभक्त काविंरयों का स्वागत किया। पूर्व विधायक ठुकराल ने कांवरियों को प्रसाद



भी वितरित किया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि कांवर यात्रियों की सेवा मात्र एवं दर्शन से हर मनोकामना पूर्ण होती है एवं भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं। पूर्व विधायक ठुकराल ने सभी क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी एवं क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि का पर्व हिंदू संस्कृति में विशेष महत्व रखता है। शिव पार्वती के मिलन के इस पर्व को देश भर में पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। शिवरात्रि का पर्व हमें बुराईयों को त्यागकर अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# सारथी फाउंडेशन ने महिलाओं को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर सारथी फाउंडेशन समिति ने अपने कार्यालय विमल कुंज छोटी मुखानी जज फार्म में कार्यक्रम आयोजित किया। संस्था के संस्थापक संयोजक नवीन पन्त ने कहा कि मातृ शक्ति ने देश दुनिया में नाम रौशन कर देश हित और समाज हित में जनसेवा में नये आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रही हैं। चाहे राजनीति, रोजगार, स्वरोजगार, कृषि, साइंस एवं टेक्नोलॉजी सभी मैं लगातार आगे बढ़ कर अपना योगदान दे रही है। साथ ही आज कल सरकारों का भी बड़ा योगदान महिलाओं को आगे बढ़ाने में रहा है। श्री पंत एवं संस्थापक सदस्य ज्ञानेंद्र जोशी ने महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सारथी फाउंडेशन द्वारा केक काट कर सभी को मिठाइयां खिलाकर संस्था द्वारा सभी का सम्मान किया गया।अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद ने कहा कि बिना महिला के आजकल कोई कार्य पूर्ण नहीं हो सकता है। इसलिए महिलाओं को सशक्त होकर समाज में अपने मजबूत भूमिका निभानी चाहिए।महिलाओं द्वारा अपने मन की बात पर बोलते हुए अपने अपने विचार व्यक्त कर किए। कार्यक्रम के उपरांत महिलाओं द्वारा गीत संगीत की सुंदर मनमोहक प्रस्तुति कर हर्ष उल्लास के साथ अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम में जाकिर हुसैन, दीक्षा पंत पांडे, पूजा पन्त, प्रेमा जोशी, हेमा जोशी, मीना शाही, मंजू सनवाल, वर्षा टंडन, शीला राणा, तारा बिष्ट, शीला भट्ट, रमा जोशी, कला नेगी, तनूजा टकवाल, नजमुसहर, सोना तिवारी, भावना पांडे, रंजना जोशी, बीना बिष्ट, बबीता टकवाल, आकांक्षा बिष्ट, क्रतिका, लता जोशी, भवानी शंकर सूठा, संतोष गौड़, जयप्रकाश, आनंद आर्य, विवेक आदि उपस्थित रहे।



# पीएसी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेनानायक 31पीएसी श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी के मार्गदर्शन में वाहिनी परिसर में गत दिवस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में नगर के एक निजी हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सक डॉ सुनील सिंह गौतम, सेवानिवृत लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ इन्द्र पाल, फिजिशियन, डॉ विनोद वासवा, बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ शाहीन सिद्धिकी, महिला रोग विशेषज्ञ, लोकेन्द्र शुक्ला, टीपीएन कार्पोरेट मैनेजर एवं उनकी टीम द्वारा महिला पुलिस कर्मियों पुलिस परिवार के लगभग 82 महिला सदस्यों व बच्चों से उनकी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याऐं सुनी व उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महिलाओं से जुड़े रोगों के लक्षणों एवं उनके बचाव व रोकथाम के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर डॉ उत्तम सिंह नेगी, उप सेनानायक, राकेश माहरा, क्वार्टर मास्टर, दलनायक गोपाल सिंह बिष्ट, गिरीश चंद जोशी, भूपेश पाण्डेय, खुर्शीद अली, सूसै सहायक, व वाहिनी की महिला अधिकारी/ कर्मचारी एवं महिला पारिवारिक सदस्य उपस्थित रही।



# शिक्षा की गुणवत्ता अति आवश्यकः मनीष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि गत वर्ष का बोर्ड परीक्षाफल संतोषजनक नहीं था इसलिए शिक्षा की गुणवत्ता अति आवश्यक हैं, इसके लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने अपने विकास खण्डों के लिए उत्तरदायी होगें। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाएं निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए समय अवधि में पूर्ण करना सुनिशिचित करें उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जो कार्य प्रारंभ्भ नहीं हुए है उन्हे तत्काल प्रारभ्भ किया जाए नहीं तो जिम्मेदारी तय की जाएगी । उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बाउण्ड्री वाल, सोलर लाइट, वाटर हारवेस्टिग की व्यवस्था मनरेगा से कराये जाने हेतु सूची उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिये।बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरेन्द्र मिश्रा, कार्यदायी संस्थाओं के अभियन्ता अदि मौजूद थे।



# नाज कॉस्मेटिक शॉप का हुआ शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। मदान फोटोकॉपी वाली गली में नाज कॉस्मेटिक शॉप का वार्ड नंबर 10 की निवर्तमान सभासद लीना संजीव झाम ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व सभासद संजीव झाम,व्यापार मंडल के महामंत्री संदीप चावला ने भी नव प्रतिष्ठान पर पहुंचकर बधाई दी । लीना संजीव झाम ने नए प्रतिष्ठान की शुभकामनाएं देते हुए नाजिया और जिया दोनो बहनों को उज्जवल भविष्य में और आगे बढ़कर कामयाब होने की बात कही वहीं नाज कॉस्मेटिक की एम डी नाजिया पुत्री संन्नबर अली ने जानकारी देते हुए बताया कि मुस्लिम समाज में बुरखा और हिजाब का विशेष महत्त्व है और गदरपुर क्षेत्र में बुरखा और हिजाब की कोई भी शॉप नहीं है इसी को देखते हुए उन्होंने निर्णय लिया कि हमारे गदरपुर में भी बुरखा और हिजाब मिलने चाहिए । अब महिलाओं को रुद्रपुर या रामपुर जाने की जरूरत नहीं है । महिलाओं को उनकी जरूरत के हिसाब से हर साइज के हिजाब और बुरखा और हिजाब मुनासिब रेट पर नाज कॉस्मेटिक से ही प्राप्त कर सकेंगे साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नाज कॉस्मेटिक पर महिलाओं की सुंदरता और निखार के लिए अन्य कॉस्मेटिक प्रोडक्ट भी किफायती दामों पर मिल जाएंगे ।उन्होंने प्रतिष्ठान पर पहुंचे सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान व्यापार मंडल महामंत्री संदीप चावला, शाकिर अली,उपकार प्रेस से परवीन, परवेज अख्तर, मुख्तार बेगम आदि लोग मौजूद रहे।



# खटीमा कैंप कार्यालय में सीएम धामी ने सुनी समस्याएं

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लोहिया हेड हेलीपैड खटीमा पहुंचे । जहां पर जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी उदयराज सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री धामी हेलीपैड व कैंप



कार्यालय में जनता से मिले व उनकी समस्याएं सुनी व निस्तारण के निर्देश दिए ।इसके उपरांत माननीय मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ विकास कार्यों पर चर्चा की । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार , भूमि अध्याप्त अधिकारी कौस्तुब मिश्रा ,उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट, पुलिस उपाधीक्षक आदि मौजूद थे।

# विधायक ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया अपने चिरअंदाज और हंसमुख अंदाज के लिए जाने जाते हैं।वही विधायक गड़िया अचानक क्षेत्र भृमण के दौरान प्राथमिक विद्यालय घिंघारतोला पहुँचे।जहां उन्होंने विद्यालय के बच्चों के साथ संवाद किया।और बच्चों को मिलने वाले मध्याह्न भोजन का छात्रों संघ भोजन किया।उन्होंने बच्चों को जीवन की सफलता के लिए अभी से लक्ष्य निर्धारित करते



हुए एक निर्धारित लक्ष्य बनाकर पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न खेलकूद और प्रतिभागी परीक्षाओं की तैयारी करने की बात कही। विद्यालय में नन्हें बच्चों के साथ सरकार द्वारा संचालित मध्याहन भोजन योजना के तहत भोजन किया एवं भोजन की गुणवत्ता जाँच की।जिसके बाद विधायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घिंघारतोला केंद्र प्रभारी को स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों का उचित इलाज और स्वास्थ्य सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए

# ओबीसी अध्यक्ष राघव का किया स्वागत

रूद्पुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के अध्यक्ष आशीष सैनी द्वारा रुद्रपुर के ऊर्जावान, संघर्षील युवा नेता राघव सिंह को ओबीसी मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने खुशी व्यक्त की है, और पार्टी हाई कमान का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राघव के ओबीसी विभाग का प्रदेश उपाध्यक्ष बनने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है, और उन्हें उम्मीद है कि राघव सिंह पूरे प्रदेश में ओबीसी विभाग को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। इधर ओबीसी विभाग का प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद राघव सिंह कांग्रेस नेत्री श्रीमती मीना शर्मा के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने श्रीमती शर्मा से आशीर्वाद लिया। यहां श्रीमती शर्मा ने राघव को शॉल ओढ़ाई,और उन्हें अपने हाथो से मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, नितिन जौहरी आदि शामिल है।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# हजारों शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरिकृपा पीठाधीश्वर एवं संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरिकृपा धाम आश्रम में विशाल समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी कोई भी क्रिया, चेष्टा, व्यवहार या कर्म ऐसा न हो जाए जिसे देखकर कोई उंगली उठाये। आपके जीवन में वांछित परिवर्तन भी आना चाहिए। अपनी गलतियों और बुराइयों को समझें व दूर करें। दूसरों पर मिथ्या दोषारोपण से कहीं बेहतर है कि स्वयं आत्म अन्वेषण करें। कई बार हम स्वयं गलतियां करते हैं, स्वयं अपने हाथो अपने लिए पतन का गड्ढा खोदते हैं व दोष दूसरों को देते हैं। सदैव सत्य स्वरूप परमात्मा की ही शरण लेनी चाहिए। हमें प्रभु का कृपा पात्र बनने की कोशिश करनी चाहिए दया पात्र नहीं। प्रेम पूर्वक की गई भक्ति से परमात्मा प्रसन्न होते हैं। और अपने भक्तों पर कृपा करते हैं। उन्होंने कहा कि सत्संग पाकर अपने जीवन में वांछित सुधार भी अवश्य करें। अन्यथा विशेष लाभ से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि अपने विवेक को सदैव जागृत



रखें। माता-पिता, गुरुजनों, शास्त्र, संस्कृति के प्रति श्रद्धा आदर का भाव रखने को भी कहा। हमें जगत में जब भी संत, गुरू, परमात्मा, बुजुर्ग, माता-पिता व धर्म एवं संस्कृति की सेवा का अवसर मिले तो सेवा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा धर्म इतना सरल नहीं है जितना हमने इसे समझा है यह सबसे कठिन है।परंतु असंभव नहीं है। यदि हम प्रभु स्मरण करते हुए प्रयास करें तो इस असंभव को भी संभव किया जा सकता है। महाराज श्री के दिव्य प्रवचनों को सुनकर सभी मन्त्र मुग्ध व भावविभोर हो गये।आज प्रात श्री राम चरित मानस पाठ का समापन किया गया व श्री हरेश्वर महादेव का महाभिषेक किया गया। प्रात: 10 बजे से 1 बजे तक भजन, कीर्तन व श्री महाराज जी के दिव्य प्रवचन तथा दोपहर विशाल भण्डारा आयोजित किया गया। रात्रि 12 बजे से ही श्री हरेश्वर महादेव पर जल चढ़ाने के लिए लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी। कांवड़ियों ने भी हरिद्वार से गंगा जल लाकर श्री हरेश्वर महादेव पर चढ़ाया।महाशिवरात्रि महोत्सव एंव विराट धर्म सम्मेलन में हजारों भक्तों के साथ साथ केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, राज्यमंत्री ज्योति शाह मिश्रा, विधायक हल्द्वानी सुमित ह्रदयेश, रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक जसपुर शेलेन्द्र मोहन सिंघल, विधायक काशीपुर त्रिलोक सिंह चीमा व पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र व पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड श्री भगत सिंह कोश्यारी, स्थानीय विधायक श्री आदेश चौहान, पूर्व विधायक श्री शैलेंद्र मोहन सिंघल, कांग्रेस व भाजपा के अनेक राजनेता, अनेक अधिकारी व क्षेत्र के गणमान्य लोग भी श्री महाराज जी के दर्शन कर आशीर्वाद लेने पहुँचें।

# विधायक से की आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। ओमैक्स आवासीय सोसायटी के सचिव अभिनव छाबड़ा ने कार्यकारिणी सदस्य ललित गोयल के साथ विधायक शिव अरोड़ा से मुलाकात कर ओमैक्स आवासीय सोसायटी के आस पास के इलाकों में आवारा कुत्तों की सँख्या बेतहाशा बढ़ने के मसले पर उन्हें अवगत करवाया सोसायटी में बच्चों महिलाओं और कई बुजुर्गों पर कुत्तों ने हमला कर बुरी तरह घायल किया है और इस समस्या के स्थायी और शीघ्र समाधान करवाने की मांग की। सोसायटी



सचिव ने बताया कि आवारा कुत्तों के चलते बच्चों और महिलाओं में बेहद डर का माहौल है जिससे लोग अपने घरों में रहने को मजबूर हैं जिससे दिनचर्या के कार्यों में भी भारी अवरोध उत्पन्न हो रहा है। विधायक ने समस्या के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाते हुए घायल लोगों की मदद का आश्वासन दिया। सोसायटी सचिव के साथ ललित गोयल, राहुल यादव, मिंटू मुकेश उपाध्याय तथा सुनील शर्मा भी साथ थे।

# लालजी गोपीनाथ जी इंडस्ट्रीज में सिक्स सिग्मा में छात्र छात्राओं ने किया भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा छात्रों का इंडस्ट्रीयल भ्रमण कराया गया। सिक्स सिग्मा के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर रजत धवन के नेतृत्व में आयोजित भ्रमण कार्यक्रम में एच. आर. दीपक सिंह व प्रोडक्शन मैनेजर अमित ने सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को कम्पनी



से जुड़ी अहम जानकारी दी एवं उसके स्त्रोत एवं पर्यावरण के बारें में विस्तृत जानकारी भी दी। उसके उपरान्त बैच बनाकर सम्पूर्ण प्लांट का भ्रमण कराया गया। भ्रमण में प्रथम वर्ष के पॉलीटेक्निक के 36 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। छात्र व छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर को अपना धन्यवाद प्रकट किया। संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को- चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनेजमेंट सदस्य वंश डाबर, शौर्य अरोरा, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह, सीएओ अनुभव बाठला ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने भ्रमण के उपरांत सभी छात्रों को प्रेरित किया एवं उनको उनके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने को कहा।

# जल भराव के निदान के लिए तकनीकी विशेषज्ञों से सर्वे कराने के दिए निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज ने कहा वर्षाकाल में बैगुल नदी से अरविन्द नगर व झाड़ी न0 9 में जल भराव के निदान हेतु सिंचाई विभाग को तकनीकी विशेषज्ञों से सर्वे करा कर बाढ़ सुरक्षा प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें। यह निर्देश जिलाधिकारी ने कलेक्टेट सभागार में संबंधित अधिकारी की बैठक लेते हुए दिये। बताते चले की वर्षा काल में बैगुल नदी के पानी से विधानसभा क्षेत्र सितारगंत के अरविन्द नगर व झाड़ी न09 क्षेत्र में जलभाराव ;बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है क्षेत्रीय जनता की मांग है कि क्षेत्र को जलभराव से निजात दिलाने हेतु बाढ़ सुरक्षा कार्य कराये जाये। जिस पर अधीक्षण अभियन्ता ने बताया कि अरविन्द नगर व झाडी न09 क्षेत्र लो.लैंड ;ढलान भूमि है जिससे वर्षा काल में नदी का जल स्तर बढ़ने पर अरविन्द नगर व झाड़ी न0 9 क्षेत्र में जलभाराव हो जाता है और घरों में भी पानी भर जाता है। उन्होंने नदी को चौनलॉइज कर बाढ़ सुरक्षा हेतु ऊचें बंध बनाने का सुझाव दिया। जिलाधिकारी मनीष कुमार प्रभागीय वनधिकारी



कारी ने सिंचाई विभाग के अभियन्ता व उप जिलाधिकारी को क्षेत्र का तकनीकी विशषयज्ञों से सर्वे करा कर बाढ़ सुरक्षा कार्यों का प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि बैगुल नदी क्षेत्र वन क्षेत्रांगत आता है बाढ़ अपदा सुरक्षा कार्यों में पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। बैठक में मुख्य विकासधिकारी मनीष कुमार प्रभागीय वनधिकारी हिमांशु बागरी उपजिलाधिकारी रवीन्द्र अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई पी0के0 दिक्षित अधिशासी अभियन्ता आन्नद सिंह नेगीए विनोद गुप्ता ए अपादा प्रबंधन अधिकारी आदि मौजूद थे।

# रमजान के कैलेंडर का विमोचन 12 मार्च को पहला रोजा

सितारगंज (उद संवाददाता)। मुबारक रमजान का महीना 12 मार्च से शुरु होगा। इस दिन पहला रोजा होगा। मरकज मिन्हाजुस सालेहात के प्रबधंक ने कमेटी के सदस्यों के साथ रमजान के कैलेंडर का विमोचन किया। उन्होंने बताया कि पहला रोजा 12 मार्च को होगा। जो 13 घंटे 19 मिनट का होगा। अंतिम रोजा 14 घंटे का होगा। उन्होंने हर मुस्लिम पुरष, महिला व बालिग पर रमजान फर्ज बताया है। गुरुवार को



मरकज मिन्हाजुस सालेहात कार्यालय में मुबारक माह रमजान के आगाज को लेकर समाज के लोगों में बेहद खुशी का माहौल है। मरकज के प्रबधंक खलीफा ए हुजुर ताजदारे बिलग्राम मौलाना आरिफुल कादरी वाहिदी ने बताया कि रोजा हर मुस्लमान पर नमाज की ही तरह फर्ज है। इस्लाम में रमजान का मतलब अल्लाह की इबादत की नीयत से सुबह भोर पड़ने से लेकर सूरज डूबने तक खानपान से स्वंय को रोकना है। उन्होंने बताया कि खानपान से रोजा टूट जाता है। कहा कि आंख से आंसू मुंह में जाने पर अगर निगल लिया है। उसका स्वाद नमकीन मालूम होता है तो रमजान टूट जायेगा। इस दौरान उन्होंने कमेटी के सदस्य सैयद युसूफ अली, हाजी मेराज अहमद, हाजी कमर अशरफ, अबरार पटौदी, सैयद मजहर अली, मिन्हाज वाहिदी, कारी आरिफ, मो आसिफ वाहिदी के साथ संयुक्त रूप से माहे रमजान के कैलेंडर का विमोचन किया। जिसमें 30 रमजान के ताल्लुक से शरीयती जानकारी अंकित की गई है। मरकज के प्रबधक मौलाना आरिफुल कादरी ने प्रशासन से रमजान के मुबारक माह में साफ, सफाई, जल, विद्युत की व्यवस्था को दुरस्त रखने की मांग की है।

# महिलाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता: मीना शर्मा

रूदपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि महिलाएं अब कमजोर नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सिर्फ प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा की अगुवाई में महिलाओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए, और महिलाओं ने संगोष्ठी कर अपने विचार भी व्यक्त किए। कार्यक्रम की आयोजक, उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी



की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने एक महिला नारायण कॉलोनी निवासी आंचल सैनी को लघु व्यवसाय के लिए सिलाई मशीन भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि इसी तरह वह 20 महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए और उन्हें आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीन प्रदान करेगी। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख महिलाओं में महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव सपना गिल,नगर निगम की निवर्तमान पार्षद प्रीति साना, पूनम गुप्ता, मंजू जैन, सरोज रानी, सरोज शर्मा, सुनीता सैनी, नेहा राय, प्रियंका गंगवार, ममता दिवाकर, लक्ष्मी गंगवार, शकुंतला, रानी देवी, गीता सैनी, ममता, पूजा, राधा, कांति प्रजापति, विमलेश, रागिनी, पुष्पा, सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# दहेज में नहीं मिले दो लाख तो विवाहिता को किया बेघर, केस दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज में दो लाख रूपयों की नगदी ना मिलने पर लोभी ससुरालियों ने एक और विवाहिता को मारपीट कर घर से बेघर कर दिया। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति सास व देवर के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला पक्काकोट काशीपुर निवासी स्मिता सक्सेना पुत्री स्वर्गीय ललित सक्सेना ने बताया कि वर्ष 2022 की 2 दिसंबर को उसका विवाह मकान नंबर 154 राघवपुरम कॉलोनी भूतेश्वर मंदिर जनपद सहारनपुर तथा हाल क्रॉसिंग रिपब्लिक जी एच 7 कॉलोनी, टावर फ्लैट 5121 जनपद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश निवासी अक्षय राणा पुत्र महेंद्र सिंह राणा के साथ धूमधाम से हुआ। शादी में कन्या पक्ष ने लगभग 10 लख रुपए खर्च कर सामर्थनुसार दान दहेज दिया लेकिन इसके बाद भी आरोप है कि विवाहिता का दांपत्य जीवन अधिक दिनों तक सुखी नहीं रह सका। आरोप है कि शादी के दो-तीन दिन बाद ही नव विवाहित को शक की नजर से देखते हुए दहेज की खातिर उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया गया। परिवार की मान मर्यादा को लेकर विवादित ने जब मुंह बंद किया तो ससुराल वालों के हौसले और बढ़ गए। आरोपी की पति के साथ-साथ संगीता राणा तथा देवर अक्षत राणा भी आपस में एक राय होकर विवाहिता का बुरी तरह उत्पीड़न करने लगे। इसी बीच सदमे में आकर विवाहिता के पिता ललित सक्सेना का देहांत हो गया। 2023 की 26 नवंबर को पीड़िता के ससुर ने उसे मायके लाकर छोड़ दिया। कहां की यदि वापस ससुराल लाना है तो उसे दो लाख रुपए साथ लाना होगा अन्यथा हमेशा हमेशा के लिए घर के दरवाजे उसके लिए बंद है। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए विवाहिता की तहरीर के आधार पर उपरोक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# विधायक शिव ने किया कांवरियों का स्वागत

रुद्रपुर(उदंसवाददाता)। हरिद्वार से पवित्र जल लेकर आये शिवभक्त कावरियो का विधायक शिव अरोरा ने स्वागत किया और उनकी यात्रा व हाल चाल जाना साथ ही उनको शिव चालीसा के कलेंडर व प्रसाद वितरित किया। विधायक ने कहा यह महाशिवरात्रि का पवित्र माह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान महादेव के इस पावन पर्व को हम पूरे भारत मे मनाते हैं इसको लेकर रुद्रपुर के लोगो में अपने आराध्य के प्रति अपनी आस्था को व्यक्त करते हुए हजारों की तदात में पैदल हरिद्वार से पवित्र जल लेकर आते हैं, और पूरे भक्तिभाव से आनद में झूमते हुए रुद्रपुर अपने अपने क्षेत्र पहुँचते है। विधायक ने कहा वह हर वर्ष उनसे मिलने उनका स्वागत करने गदपुर पहुँचते हैं इसके चलते वह भोले के भक्तों से मिले निश्चित ही भगवान महादेव की कृपा सभी क्षेत्रवासियों पर बनी रहे और सभी



की यात्रा सुखमय सुरक्षित हो हालाकि कावड़ यात्रा को लेकर प्रदेश की धामी सरकार ने हर प्रकार की व्यवस्था की हुई है जिससे यात्रा के दौरान को अवरोध न हो, विधायक शिव अरोरा ने रम्पुरा, रविन्द्र नगर, दरियांगर शिवनगर गांधी कालोनी क्षेत्र के भोले के भक्तों से मुलाकात की उनका स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गुजन सुखीजा, मण्डल अध्यक्ष सुरेश खुराना, सोनू अनेजा, प्रीत ग्रोवर, मयंक कक्कड़, आशीष यादव, विकास, सुनील यादव, सोनू वर्मा, परमजीत सिंह पम्मा,शुभ शर्मा, वासु गुम्बर व अन्य लोग मौजूद रहे।

# ठुकराल ने कांवरियों का किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं समाज सेवी संजय ठुकराल ने हर वर्ष की तरह इस बार भी हरिद्वार से गंगाजल लेकर लोटे शिवभक्त कावड़ियों का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। पूर्व विधायक ठुकराल ने काशीपुर रोड पर उनके साथ ही कई जगहों पर शिव भक्त कांवरियों का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल भजनों पर कांविरियों के साथ जमकर थिरके और बम भोले के जयकारे लगाये। इस दौरान समाज सेवी संजय ठुकराल ने भी कावड़ियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि कांवड़ यात्रा हिंदू संस्कृति में प्राचीन परंपरा रही है। तराई से हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु कांवर लाकर भगवान की शिव के प्रति अपनी आस्था का परिचय देते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्व हमें अपनी संस्कृति और सभ्यता से जोड़ने का काम करते हैं। धार्मिक पर्वों को पूरे निष्ठा भाव और परंपरागत ढंग से मनाना चाहिए। उन्होंने कहा मन में धार्मिक भावना होने से मानव में ईश्वर का वास होता है। भगवान शिव की जिस पर कृपा होती है वह हमेशा सुख पूर्वक अपना जीवन व्यतीत करता है। हरिद्वार से पैदल चलकर कांवर लाना हजारों वर्ष पुरानी परंपरा है। इससे आपसी सौहार्द व एकता को बल मिलता है।



# मीना शर्मा ने कांवरियों का किया स्वागत

रूदपुर(उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे सैकड़ो कांवरियों का यहां गदरपुर रोड पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने फूल माला पहनाकर एवं उन्हें फल प्रसाद प्रदान कर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा जाफरपुर पहुंची, जहां उन्होंने हरिद्वार से कांवर लेकर आ रहे शिव भक्तों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया, बाद में श्रीमती शर्मा जाफरपुर से लेकर रुद्रपुर सिटी क्लब तक हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचे हजारों कांवड़ियों से मिली और उनको महा शिवरात्रि की बधाई दी। इधर श्रीमती शर्मा गदरपुर रोड पर कांवड़ियों का स्वागत कर रहे दैनिक सांध्य उत्तरांचल दर्पण परिवार के लोगों से भी मिली, उन्होंने दर्पण परिवार द्वारा शिव भक्तों के लिए चलाए जा रहे भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्षा मोनिका ढाली,पम्मी सुखीजा, अंकित शर्मा,अर्जुन गंगवार, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे स यहां श्रीमती शर्मा ने सभी प्रदेश वासियों को महा शिवरात्रि की बधाई दी।



# सुशील ने पुष्प वर्षा के साथ किया भव्य स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के पर्व के अवसर पर कांवड़ में भरकर लाये गये पवित्र गंगाजल से कांवड़ियों का भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक एवं समाजसेवी सुशील गाबा द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया गया। रामभक्त सुशील गाबा को अपने बीच पाकर शिवभक्त भी गदगद नजर आए। कांवरियों का स्वागत करते हुए श्री गाबा भोले नाथ के नारे लगा रहे थे, तो वही कांवरिए उन्हें देख रामजी का जयघोष करते थे। सभी कावरियों का स्वागत करते हुए समाजसेवी सुशील गाबा ने कहा कि कांवड़ को अपने कंधों पर रखकर लगातार यात्रा करते हैं और अपने क्षेत्र के शिवालयों में जाकर जलाभिषेक करते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है और जीवन में कभी कोई कष्ट नहीं होता है। साथ ही घर में धन धान्य की कभी कोई कमी नहीं होती है और अश्वमेघ यज्ञ के समान फल मिलता है। कांवर लाने वाले शिवभक्तों की सेवा भी विशेष फलदाई है।



# गंगाजल लेकर लौटे कांवरियों का भाजपा नेता चुघ ने किया भव्य स्वागत





रूद्रपुर। हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौट रहे सैकड़ों शिव भक्त कांवडियों का भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने स्वागत किया। उन्होंने बताया कि दानपुर में कावड़ियों के आगमन को लेकर भव्य पंडाल लगाया गया है जहां पर समस्त कावड़ियों के लिए जलपान और भोजन की व्यवस्था की गई है ।इस दौरान पूरा पंडाल जय भोले से गुंजायमान हो उठा उन्होंने समस्त शिव भक्तों का जोरदार स्वागत किया। चुघ ने कहा कल महाशिवरात्रि का पर्व है ऐसे में क्षेत्र के हजारों से शिव भक्त कांवड़िए हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आ रहे हैं इस दौरान एक कांवरिया भक्ति 80 लीटर गंगाजल लेकर रुद्रपुर पहुंच इसी तरह से कई भोले भक्त सांवरिया रुद्रपुर पहुंच रहे हैंऔर विभिन्न शिवालयों पर जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पूरा वातावरण शिव मय हो चुका है और यह पावन पर्व हर्ष और उल्लास का प्रतीक है। इस दौरान गोलक धाम सेवा समिति के कार्यकर्ता रविंद्र कुमार हार्दिक बतला भारत भूषण चुग सुमन बतला नेहा मिगलानी रविकांत मनचंदा राजकोली शिवकुमार अभिषेक आशीष श्रीवास्तव दर्शन कोली आदि लोग सेवा में लग रहे।



# किन्नर समाज ने कटोरी मंदिर में आयोजित किया विशाल भंडारा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी किन्नर समाज द्वारा महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर किन्नर गुरु स्व. कटोरी देवी की स्मृति में रम्पुरा स्थित कटोरी देवी मंदिर में जन कल्याण, सबकी सुख समृद्धि, आपसी सौहार्द व देश की तरक्की की कामना को लेकर गद्दीनशीन किन्नर गुरु सुनीता उर्फ पिंकी की अगुवाई में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आज प्रात: कटोरी देवी मंदिर में विधि विधान के साथ पंडित देवेंद्र मिश्रा व प्रेम सिंह द्वारा हवन यज्ञ प्रारंभ किया गया। जिसमें किन्नर समाज के लोगों ने जन कल्याण, सबकी सुख समृद्धि, आपसी सौहार्द व देश की तरक्की की कामना को लेकर हवन कुंड में आहुतियां अर्पित की। हवन तथा आरती के पश्चात किन्नरों द्वारा कन्याओं का पूरे सम्मान के साथ पूजन कर उनका आर्शीवाद लिया। किन्नर गुरु सुनीता उर्फ पिंकी ने कन्या पूजन के बाद भंडारे का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में वितरित करवाने का कार्य शुरू करवाया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान किन्नरों ने ढोलक मंजीरे के साथ नृत्य करते हुए भजन कीर्तन भी किया। इस मौके पर गद्दीनशीन गुरु सुनीता उर्फ पिंकी के साथ राखी, बॉबी, रानी, हेमा, आंचल, संजना, एकता, दानिश, कशिश, सीमा, रीना, बबीता, हिना, संगीता, पूजा, करिश्मा सहित रूद्रपुर, हल्द्वानी, रामपुर, बिलासपुर आदि शहरों से आए भारी संख्या में किन्नर तथा कटोरी देवी मंदिर प्रबंध समिति के सतपाल गंगवार, बनारसी दास कोली, पूरन प्रकाश, केलाश पाल, राजेंद्र पाल , रघुवर दयाल गुप्ता, लालाराम पाल, रतनलाल, देश राज, वासु कोली, परमेश्वरी कोली, प्रमोद दूबे, राजेंद्र दिवाकर, राजू कोली, बी डी कोली तथा क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद थे।





# कांवरियों का स्वागत कर प्रसाद बांटा

रूद्रपुर। हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटे कांवरियों का बाबा भक्त मण्डल के सदस्यों ने बम भोले के जयकारों के साथ काशीपुर रोड एलायंस गेट के पास स्वागत किया और कांवरियों को प्रसाद वितरित किया। इस दौरान मण्डल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल ने कहा कि महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से कांवर लोने का हिंदू धर्म में विशेष महत्व हैं। प्रति वर्ष हजारों की संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु कांवर यात्रा में प्रतिभाग करते हैं जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता है। उन्होंने कांवर लेकर आये सभी श्रद्धालुओं को शिवरात्रि की शुभकामनाएं दी और सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान महामंत्री साहिल आहूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमित सहगल, उपाध्यक्ष गुल्लू मुंजाल, वरूण अरोरा आदि थे।




समस्त क्षेत्रवासियों को
महा शिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
एवं कुमाऊ मंडल प्रभारी
प्रदेश अग्रवाल महासभा,उत्तराखण्ड
मै. विजय फिलिंग स्टेशन,लालपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को महा शिवरात्रि
पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
राजेश अरोरा 'पप्पल'
मनिक अरोरा
तिलक राज अरोरा
अब आपके शहर रुद्रपुर में पहली बार अत्याधुनिक एवं फैंसी.....
PVC Wall & Ceiling Panels
EESHA TRADERS
SRA, E-2, Kashipur By Pass Road Opp. Police Chowk, Rudrapur


समस्त क्षेत्रवासियों को
महा शिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
सीए शिव अरोरा
विधायक,रुद्रपुर विधानसभा


समस्त क्षेत्रवासियों को
महा शिवरात्रि पर्व
की हार्दिक
शुभकामनायें
सिद्धेश्वर
श्री बालाजी
मन्दिर
महन्त श्री रमेश वशिष्ठ
संकटहरण श्री बालाजी दरबार रुद्रपुर सम्पर्क:


समस्त क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि
पर्व
की
हार्दिक
शुभकामनायें
ललित कुमार 'सीटू'
काका ट्रांसपोर्ट कम्पनी, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को महा शिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
ओम बापू
मशीनरी स्टोर
हरीशचन्द्र गुम्बर
विशाल गुम्बर


समस्त क्षेत्रवासियों को महा शिवरात्रि
पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
शेखर जुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
सुरेन्द्र घई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
श्री साँई कन्सट्रक्शन
59/3. आवास विकास, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)


समस्त
क्षेत्रवासियों
को
महा
शिवरात्रि
पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
चन्द्रकेश यादव
तिरुपति कन्वेसिंग एजेन्ट
गल्ला मण्डी, रुद्रपुर (ऊ०सिं०नगर) मो० 9412089030
तिरुपति पैडी प्रोडक्टस
नगर पालिका मार्केट, दुकान नं०58, रुद्रपुर मो०


समस्त क्षेत्रवासियों को
महा शिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
अमित मिश्रा 'बिट्टू'
निवर्तमान पार्षद,रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक बधाई
Sunil Kalra
9927032888
BALAJI TRADING CO.
Deals in All Kinds of Industrial scrap
वनखण्डी नाथ नगर, सिडकुल रोड, ग्राम फुलसुंगी, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
महा शिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
Alaska
residency rudrapur
a premium residential township
सबका सपना
घर हो अपना
आसान मासिक किस्तों में
प्लॉट उपलब्ध
Limited Time Offer
A.S. REALHOME DEVELOPERS PVT. LTD.
Mobile : 7055005311, 7088818888


समस्त क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक बधाई
श्री गुरदास कलेक्शन
सुनील ठुकराल
महानगर अध्यक्ष
युवा पंजाबी महासभा, रुद्रपुर
मटके वाली गली, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को महा शिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
बंशीधर गुम्बर
आंशू गुम्बर
रोहित गुम्बर
निर्माता- धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर, स्ट्राशेपर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000


समस्त क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
KALRA TRADERS
Deals in : All Kind of Scrap Materials
Opp. Darpan Press
Shyam Talkies Road, Rudrapur
राकेश कालरा


समस्त क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
BINDAL HYUNDAI
HYUNDAI
रुद्रपुर में हुण्डई कारों के
एकमात्र अधिकृत विक्रेता
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Anand Bindal - Managing Director
Kichha By Pass Road, Rudrapur (U.S.Nagar) Uttarakhand, Ph.: 05944-244155, Mob.: 9917262080, 9639308033

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# सस्ता घरेलू सिलेंडर

लोकसभा चुनाव के ठीक पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर केन्द्र सरकार द्वारा देश की गृहणीयों को उपहार देते हुए घरेलू सिलेंडरों की कीमत में एक सौ रूपये की कटौती कर दी गई है। जो तत्काल प्रभाव से लागू भी हो गई है। इसका सीधा लाभ समाज के निर्बल एवे मध्यम वर्ग के परिवारों को मिलेगा। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उज्जवला योजना की सब्सीडी को एक वर्ष और बढ़ाने की घोषणा की जा चुकी है। इधर प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने विद्युत की कीमतों में कटौती करने की घोषणा की है। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जिस प्रकार से आम जनता के हितों को देखते हुए निर्णय लिये जा रहे हैं उसका असर आगामी लोकसभा के साथ ही निकाय चुनाव में पड़ना स्वाभाविक लग रहा है। जिसको लेकर विपक्षी दलों में चिंता की लकीरें दिखाई देनी शुरू हो गई हैं। हांलांकि प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत दरों में कितनी कटौती की जायेगी अभी स्पष्ट नहीं किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा पिछले कई वर्षों के बाद घरेलू सिलेंडरों की कीमत में कमी की गई है। जिसका आम जनता द्वारा स्वागत किया जा रहा है। कीमत कम करने के साथ लोगों को उनके घरों तक सिलेंडर उपलब्ध कराने की व्यवस्था को भी सुदृढ़ करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। देवभूमि उत्तराखण्ड राज्य की भौगौलिक परिस्थितियों को देखते हुए सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को आसानी से सिलेंडर नहीं मिल पाता है। जिसका मुख्य कारण ऐसे पर्वतीय क्षेत्रों में सडकों की स्थिति काफी सोचनीय बनी हुई है। जिसका खामियाजा स्थानीय लोग पिछले कई वर्षों से भुगत रहे हैं। हांलाकि केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में तीर्थ स्थलों चार धाम जाने वाले मार्गों का निर्माण कराया जा रहा है इसी प्रकार प9देश सरकार का भी यह दायित्व बनता है कि वह राज्य के सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों में सभी जर्जर मार्गों के निर्माण के लिए कार्य प्रारम्भ करे। ताकि यहां रहने वाले लोगों को सिलेंडर, चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार आदि मूलभूत सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए परेशानियों को सामना न करना पड़े। प्रदेश में सिलेंडरों की कालाबाजारी भी एक गंभीर समस्या के रूप में कई वर्षों से बनी हुई है। घरेलू सिलेंडरों का उपयोग अवैध रूप से व्यावसायिक रूप में किया जा रहा है। हांलांकि अधिकारियों द्वारा इसके खिलाफ समय समय पर अभियान भी चलाये जाते हैं। परंतु समस्या का पूरी तरह से समाधान नहीं हो सका है। जिससे घरेलू सिलेंडरों का दुरूपयोग होने के कारण हजारों पात्र लोग उसके लाभ से वंचित रह जा रहे हैं। प्रदेश में सिलेंडरों की होम डिलीवरी में भी कई खामियां सामने आती रहती है। अनेक बार स्वयं होम डिलीवरी करने वाले कर्मचारी ही सिलेंडरों की कालाबाजारी में लिप्त पाये गये हैं। केन्द्र सरकार को सिलेंडरों की कीमत कम करने के साथ ही इसके वितरण व्यवस्था में पर्याप्त सुधार के लिए राज्य सरकारों को आवश्यक दिश निर्देश जारी करने होंगे।

# महाशिवरात्रिः शिवत्व की प्राप्ति का महापर्व



भगवान शिव यानी सर्वसमाज के महानतम देवता। भोले बाबा के लिए सभी एक समान हैं। इसी कारण महाशिवरात्रि मनाने का अधिकार ब्राह्मण से लेकर चंडाल तक सभी को है। महायोगी शिव असीम गुणों के भंडार हैं फिर भी इतने सरल कि सिर्फ पानी और पत्ते तक पूजन कर दो तो खुश हो जाएं।कोई मेवा-मिष्ठान, फल-फूल नहीं चाहिए। संसार के कल्याण के लिए कालकूट विष को सहज ही ग्रहण कर लेने वाले देवों के देव। इन्हीं महादेव शिव की कृपा प्राप्त करने का सर्वाधिक फलदायी मुहूर्त है फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी की तिथि महाशिवरात्रि। महाशिवरात्रि वस्तुतः भगवान शिव की विराट दिव्यता का महापर्व है। सनातन हिंदू दर्शन के अनुसार शिव अनंत हैं। शिव की अनंतता भी अनंत है। भारतीय दर्शन में त्रिदेवों (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) को सृष्टि का संचालक माना जाता है। ब्रह्मा-सृजन, विष्णु-पालन व महेश-संहार के देवता। विश्वेश्वर संहिता में सूतजी शिव तत्व का महत्त्व बताते हुए कहते हैं- एकमात्र भगवान शिव ही ब्रह्मस्वरूप होने के कारण निराकार और साकार दोनों हैं। जो अपनी तीन विभूतियों के माध्यम से सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करते हैं। इन्हीं विशिष्ट गुणों के कारण त्रिदेवों में उन्हें महादेव व देवाधि देव कहा जाता है।' भगवान शिव सृष्टि के कल्याण के देवता हैं जैसा कि उनके नाम से ही प्रकट है।' लेकिन उन्हें प्रसन्न करने के लिए भक्त का स्वयं को उनके अनुसार ढालना जरूरी है। शिव ने सृष्टि के कल्याण के लिए समुद्र मंथन से उत्पन्न विष को अपने कंठ में उतारा और नीलकंठ बन गए। उन्हीं की कृपा से देवताओं को अमृत सुलभ हो सका। उन्होंने ही देवनदी गंगा को अपनी जटाओं में धारण कर पृथ्वी पर लाने का मार्ग प्रशस्त किया। शिव जी के मस्तक पर सुशोभित चंद्रमा प्रेरणा देता है कि हम चौथ के चंद्र न बन द्वितीया के चंद्र के समान सभी को सुख-शांति एवं शीतलता प्रदान करें। भूत भावन भगवान के परिवार में भूत-प्रेत, सर्प-बिच्छू, सांड़ और सिंह, मयूर एवं सर्प, सर्प और चूहा जैसे विरोधी स्वभाव के प्राणियों का परस्पर प्रेम पूर्वक रहना यह सीख देता है कि हम बिना किसी भेदभाव के सभी को साथ लेकर चलें और किसी से बैर-भाव न रखें। शिव का अपने शरीर पर श्मशान की राख मलना हर पल मृत्यु को याद रखने का शिक्षण देता है ताकि हम सभी साफ-सुथरा निष्कलंक जीवन जी सकें।' भगवान शिव ने अपने तीसरे नेत्र से जिस तरह कामदेव को भस्म कर दिया था, वैसे हमें स्वयं व समाज से अनैतिकता, अश्लीलता और कामुकता को दूर करने को कमर कसकर जुटे रहें। उनका मुंडों की माला पहनना सिखाता है कि हमें अपने क्रोध को वश में रखना चाहिए। आक, धतूरा, भांग आदि नशीली वस्तुएं शिव को चढ़ाने की जो परिपाटी है, उसके पीछे निहितार्थ यह है कि प्रत्येक वस्तु /व्यक्ति के अच्छे-बुरे दोनों पहलू होते हैं, हमें इन नशीले व विषाक्त पदार्थों के शुभ तत्व (औषधीय गुण) को स्वीकार कर अशुभ को त्याग देना। ऐसी अगणित प्रेरणाएं शिव से जुड़ी हैं।' जैसे त्रिनेत्र-विवेक से काम दहन, वस्त्र के नाम पर केवल मृगछाल धारण करना अपरिग्रह का के प्रेरणा देता है। अपरिग्रही व्यक्ति सदैव पूजनीय होते हैं। उनका जीवन संसार में शांति स्थापित करने के लिए होता है। सूत्र है शिवोभूत्वा शिवं जयेत यानी हमारा जीवन भगवान शिव के समान सृष्टि के कल्याण में लगे, उनकी विशेषताएं हमारे मन-मस्तिष्क में प्रविष्ट हो जाएं, उनका सही शिक्षण हमारे जीवन में चरितार्थ होने लगे, यही सच्ची व सार्थक शिव पूजा का मूल है। महाशिवरात्रि का पावन पर्व प्रत्येक साधक से आह्वान करता है कि यदि अपनी और दूसरों की सुख-शांति चाहते हो तो अपरिग्रह, सादा जीवन, उच्च विचार, परोपकार, समता, पर दु:ख कातरता और परमात्मा के सामीप्य को ग्रहण करो। केवल अपनी उन्नति में ही संतुष्ट न रहो वरन दूसरों की, अपने समाज व राष्ट्र की उन्नति में अपना पूरा योगदान हो। इन संदेशों को यदि हम अपने अंत:करण में स्थान देकर कार्यरूप में परिणत कर सकें तभी हम महाकाल के सच्चे अनुयायी-अनुचर कहलाने के अधिकारी होंगे। शिव को औघढदानी कहा जाता है। शिव का जो कल्याण करने का भाव है, वही शिवत्व है। शिवोहं का उद्घोष वही कर सकता है, जो अपने भीतर इस शिवत्व को धारण कर उसे अपने आचार-व्यवहार में उतार लेता है। देवाधिदेव महादेव की कृपा पाने का अमोध सूत्र है महामृत्युंजय महामंत्र- श्त्रयंबक यजामहे सुगंधिं पुष्टि वर्धनं उवार्रुकमिव बंधनान मृत्योर्मुक्षीय मामृतात। देवाधिदेव महादेव का यह दिव्य देवमंत्र इतना सशक्त व प्राणवान है कि सच्चे व निष्कलुष मन से किया गया इसका जप मुर्दे में भी प्राण फूंक देता है। आध्यात्मिक मनीषियों की मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन सच्चे हृदय से इस देवमंत्र से की गई भोलेनाथ की आराधना शिवत्व प्रदान करती है।' वर्तमान के घोर स्वार्थी समाजिक परिवेश में, जब इंसान ही इंसान की जान का दुश्मन बना हुआ है। मानवीय संवेदनाएं व सद्भाव खत्म होते जा रहे हैं। चांद व मंगल छूने के बावजूद हमारे समाज में हिंसा, छुआछूत, भेदभाव, भ्रष्टाचार, भूत-प्रेत, टोने-टोटके आदि कुरीतियां गहरी जड़ें जमाए हुए हैं, ऐसी विषम परिस्थितियों में भगवान शिव से जुड़ी ये कल्याणकारी शिक्षाएं अत्यन्त उपयोगी साबित हो सकती हैं। जो व्यक्ति भगवान शिव के समान जब स्वार्थ का परित्याग कर परमार्थ को अपनी साधना, आराधना समझेगा, वही शिवत्व को प्राप्त कर सकेगा। महादेव शिव के निर्गुण-निराकार स्वरूप की पूजा शिवलिंग के माध्यम से होती है। शिवलिंग की पूजा का अर्थ है कि समस्त विकारों और वासनाओं से रहित रह कर मन को निर्मल बनाना। ईशान संहिता के अनुसार महाशिवरात्रि को ही इस दिव्य ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव हुआ था। महाशिवरात्रि को शिव पार्वती के विवाह की रात्रि भी माना जाता है। वैदिक हिंदू दर्शन इस तिथि को शिव-शक्ति (पुरुष एवं प्रकृति) के महामिलन की रात्रि मान कर इस दिवस को सृष्टि का प्रारंभ मानता है। इसे आसुरी शक्तियों पर विजय प्राप्त करने के लिए शिव एवं शक्ति का योग भी कहा गया है।

**-विक्की मंडल,शक्तिफार्म**

# निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराएं जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटः डीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी वंदना ने नैनीताल एवं भीमताल विधान सभाओं के जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, एमसीसी अनुपालन हेतु गठित टीमों तथा एआरओ की समीक्षा करते हुए लोकसभा सामान्य निवार्चन के कर्तव्यों एवं दायित्वों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव में जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। मजिस्ट्रेट समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं तथा निर्वाचन प्रबंधन के लिए उत्तरदायी रहेंगे। जिलाधिकारी ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट का मुख्य कार्य मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक आने के लिए कोई प्रभावित तो नही कर रहा है। साथ ही मतदाता को बूथ तक जाने में कोई अवरोध तो नही कर रहा है। तथा इस प्रकार की समस्याओं के निवारण हेतु कार्यवाई की जानी है।उन्होंने कहा इस प्रकार के अवरोधों को दूर करना मजिस्ट्रेट की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी रहेगी कि मतदान केंद्र पर साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, संचार तंत्र, शौचालय, वृद्धजनों हेतु रैम्प, एवं जिन बूथों के भवन आदि का भौतिक सत्यापन कर लेंबीऔर सत्यापन रिपोर्ट सोमवार तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी बूथ के सभी सदस्यों से सम्पर्क में रहें जिससे कि सूचनाओं आदान प्रदान हो। पीठासीन अधिकारी से समन्वय कर सभी साम्रगी सूची अनुसार लेना और भौतिक सत्यापन भी करना सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी होगी ताकि मतदान केंद्र पर कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन यानि ईवीएम चुनाव प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीन के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों में नियत स्थान चिन्हित किये है, विस्तृत एसओपी जारी की गई है उनका पालन किया जाए। समस्त सेक्टर आफीसर अपने सेक्टरों के सभी मतदेय स्थलों का भ्रमण करेंगे। उन्होंने समस्त जोनल एवं सेक्टर अधिकारियों से कहा कि सभी नोडल अधिकारियों के मोबाइल नम्बर लेना सुनिश्चित करें ताकि समस्या का समाधान हो सके। प्रशिक्षण में सहायक नोडल अधिकारी एमसी एमसी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी एफआर चौहान, एआरओ नैनीताल एवं भीमताल क्षेत्र प्रमोद कुमार, तुषार सैनी के साथ ही नैनीताल एवं भीमताल विधानसभाओं के जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित थे।



# नये प्रतिष्ठान का कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह ने किया शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। नव प्रतिष्ठान निमरा कलेक्शन एवं किड्स वियर का वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह और कांग्रेस नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारम्भ किया।मुख्य मार्ग पर जय मेडिकल एवं कुमाऊं स्वीट के नजदीक स्थित नव प्रतिष्ठान निमरा कलेक्शन के स्वामी रिजवान, अरबाज एवं आबिद को शुभकामनाएं देते हुए राजेंद्र पाल सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । रिजवान ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान निमरा कलेक्शन पर विभिन्न उम्र के



बच्चों एवं महिला/पुरुषों के रेडीमेड परिधान उचित मूल्य पर एवं उचित क्वालिटी के उपलब्ध हैं। इस मौके पर राजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि वर्तमान में गदरपुर क्षेत्र में नए-नए प्रतिष्ठानों के खुलने से आम उपभोक्ताओं को बाहर कहीं से भी खरीदारी करने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। इस मौके पर संजीव डोडा,अजय गाबा,संजीव अरोड़ा,रहीम बख्श अंसारी, अल्ताफ हुसैन, मिक्की भगत,हरीश शर्मा डंपी,करीम बख्श, इस्लाम मोहम्मद,हनीफ, नाजिम, मुजीब, खलीलुर्रहमान, नासिर, असीम, शमी, सादिक, दानिश,रिजवान अली ,जफर, जुनैद, अल्फाज, इमरान, नवाजुर्रहमान,इब्राहिम,रिंकू पांडे,राजू बठला,राजकुमार तनेजा,राजकुमार सिंधी मोनू सिंधी,राजेश बाबा,देशराज भुड्डी, रईस अहमद सहित तमाम लोगों ने शुभकामनाएं प्रदान कीं।

# अधिशासी अभियंता के ट्रांसफर के लिए शासन को लिखा पत्र

काशीपुर(उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर जनपद में पिछले लगभग 10 वर्षों से जमे यूपीसीएल के एक्स ई एन के तबादले को लेकर शासन को पत्राचार किया गया है। भेजे पत्र में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री ने बताया कि वर्तमान में काशीपुर में पदस्थ विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता पिछले लगभग 10 वर्षों से जनपद उधम सिंह नगर के अलग-अलग स्थानों में कार्यरत है। क्योंकि लोकसभा चुनाव सन्निकट है इसलिए चुनाव नियमावली के अनुरूप इनका स्थानांतरण आवश्यक है। इसी तरह यूपीसीएल में कुछ और भी अधिकारी ऐसे हैं जो जुगाड़ के बूते पिछले लगभग 8 -10 वर्षों से एक ही जिले में अथवा एक ही स्थान पर पोस्टिंग लेकर विवादास्पद स्थिति क्रिएट किए हुए हैं।

# सीपीयू ने लावारिस मिला फोन लौटाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस सीपीयू कर्मियों ने ड्यूटी के दौरान लावारिस मिले फौन को उसके स्वामी कौ लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। बताया जाता है कि सीपीयू के हेकां. बसंत गिरी व कां. पूरन बिष्ट गत दिवस काशीपुर बाईपास रोड़ पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान रूद्रा होटल के पास उन्हें एक मोबाईल लावारिस अवस्था में पड़ा मिला। कुछ देर में एक व्यक्ति की कॉल उस मोबाईल पर आई जिसने मोबाईल के बारे में जानकारी ली। जिसके बाद सीपीयू कर्मियों ने उसे बुलवाकर पूरी तरह संतुष्टी के बाद फोन उसके सुपुर्द कर दिया। शांति निकेतन कोलकाता निवासी उस व्यक्ति ने बताया कि वह किच्छा में अपनी ससुराल आया हुआ है। गत दिवस वह कांवरियों का स्वागत करने के लिए रूद्रपुर आया था। इसी दौरान उसका मोबाईल गिर गया था। उसने सीपीयू कर्मियों का आभार व्यक्त किया।



आदि योगी अनंत शिव शिव सत्य विशाल तुम्हारे लिए।
शून्य की पराकाष्ठा का शिव ही मिसाल तुम्हारे लिए।
जीवन की पटरी का श्मशान सत्य अंत, तुम्हारे लिए।
शिव अनंत सत्य है, शिव ही आरम्भ तुम्हारे लिए।
शिव पार्वती और गणेश कैलाश परम् प्रिय, तुम्हारे लिए।
महाकाल शिव का रूप शिव ही तांडव, तुम्हारे लिए।
शिव ही नीलकंठ हैं, डमरू अति प्रिय तुम्हरे लिए
अर्ध चंद्र मस्तक सोहे, बेलपत्र अति प्रिय तुम्हारे लिए।
नाग रूप हिय सोहे, भस्म तन रमाए तुम्हारे लिए।
बम बम बोले जयकारा शिव अनादि अनंत तुम्हारे लिए।

**-निकेता पाहुजा, रुद्रपुर**

# सिलेंडर के दाम में 100 रुपए की राहत देकर महिलाओं को मिली राहत : विमला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठा रही है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला ने कहा कि महिला सशक्तिकरण हमेशा मोदी सरकार की नीतियों का केंद्र बिंदु रहा है ।उन्होंने कहा कि आज महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घरेलू एल पी जी सिलेंडर के दाम में 100 रुपए की राहत देकर महिलाओं को बहुत बड़ी राहत दी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने उज्ज्वला, सुकन्या, जनधन, मुद्रा जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नारी शक्ति के सहयोग के साथ देश की विकास यात्रा तेजी से आगे बढ़ रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

# मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टॉफ एसोसिएशन की प्रान्तीय कार्यकारिणी के आवाहन पर राज्य कर (जीएसटी) विभाग के मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य कर भवन के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया। प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2017 में सम्पूर्ण भारत में नई कर प्रणाली जीएसटी लागू की गयी है, परन्तु राज्य कर विभाग में कार्मिकों की संख्या पूर्व की भाँति 777 ही है, जिससे कार्मिकों पर कार्य का अनावश्यक बोझ है। कार्मिक लम्बे समय से जीएसटी के अनुरूप ढाँचा बनाने की मांग कर रहे हैं। कार्मिकों के भारी दबाव के चलते नवम्बर 2023 में विभाग द्वारा 953 पदों का ढॉचा बनाकर शासन को भेजा गया था, लेकिन कई बार संगठन के पदाधिकारियों के साथ शासन स्तर पर वार्ता होने और विभाग द्वारा बार-बार रिमान्डर लिखे जाने के बाद भी शासन द्वारा ढाँचा आज तक स्वीकृत नहीं किया गया है, जिसके चलते कार्मिकों में लम्बे समय से रोष है। वर्तमान में ऐसे कार्मिक जो राज्य कर अधिकारी नहीं बनना चाहते हैं, उनका नाम भी पदोन्नति सूची में अनावश्यक रूप से शामिल हो रहा है,



जिससे पदोन्नति चाहने वाले कार्मिकों को पदोन्नति का लाभ समय से नहीं मिल पा रहा है। यह विलम्ब नियमावली पुरानी होने के कारण हो रहा है, नियमावली को नये स्टाफिगं पैटर्न के अनुसार अपडेट नहीं किया गया है। जिसके चलते अनावश्यक विलम्ब होता है, नियमावली में संशोधन हेतु 02 वर्ष पूर्व प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, लेकिन शासन द्वारा उसमें आज तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। प्रान्तीय प्रवक्ता संजय उपाध्याय ने बताया कि उक्त दोनों प्रस्ताव शासन के निर्णय हेतु लम्बे समय से लम्बित है, जिस कारण मजबूर होकर कार्मिकों को आन्दोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। अभी सांकेतिक रूप से धरना प्रदर्शन कर संगठन द्वारा शासन और सरकार को चेताया जा रहा है, यदि इसके बाद भी उक्त दो सूत्रीय मांगो पर शासन द्वारा निर्णय नहीं लिया जाता है, तो शीघ्र ही उग्र आन्दोलन किया जायेगा। प्रदर्शनकारियों ने राज्य कर मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों का शासन स्तर पर लम्बित पुर्नगठित ढाँचा अविलम्ब स्वीकृत करने और राज्य कर अधिकारी की 2 वर्ष से शासन स्तर पर लम्बित संशोधित नियमावली अविलम्ब स्वीकृत करने की पुरजोर मांग की। धरना प्रदर्शन में रूद्रपुर शाखा अध्यक्ष भीम सिंह, राकेश जखमोला, शेखर चुफाल, जीवन सिंह बिष्ट, कुसुम वर्मा, किरन भण्डारी, सबा रानी, सुरेन्द्र कुमार, विरेन्द्र कुमार, नितीश जोशी, नीरज कुमार, मीना राणा, कहकशों कुरैशी, सुमन चुफाल, संगीता साह, गीता कोरंगा, जितेन्द्र सिंह राणा, अरविन्द राणा, करूणा, मोहित कुमार, मोहित तिवारी, रवि प्रकाश, सचिन चौहान, मौ वसीम, दीपक कुमार, हेमचन्द्र लोहनी, महेन्द्र कुमार, भगत सिंह खाती आदि भी उपस्थित रहे।

# कॉपी,पेन पाकर बच्चे हुए खुश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय ट्रांजिट कैंप में जरूरतमंद बच्चों को कॉपी, तथा रीडिंग काड्र्स उपहार स्वरूप दिया गया। प्रधनाध्यापिका गायत्री पांडे ने बताया कि नोएडा निवासी निवासी प्रीता भटनागर हर वर्ष अपने ससुर जी के पुण्यतिथि पर मिशन आगाज के बच्चो के लिए कुछ न कुछ उपहार भेजती हैं। इस बार भी उनके द्वारा विद्यालय में पढ़ने वाले 50 अति निर्धन बच्चो के लिए कॉपी, पेन तथा रीडिंग काड्र्स ऑनलाइन भेजा गया जिसे पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि कुछ बच्चो के



अभिभावक अपने पालकों को कॉपी आदि देने में असमर्थ रहते हैं तो इन बच्चो की मदद के लिए प्रीता भटनागर जैसे लोग सहयोग के लिए सदैव आगे रहते हैं जिससे बच्चो की पढ़ाई बाधित नहीं हो पाती है तथा वे सुचारू रूप से दूसरे बच्चो की तरह पढ़ाई लिखाई में अव्वल रहते हैं। उन्होंने प्रीता के इस नेक कार्य की भूरि- भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के और लोगो को भी ऐसे बच्चों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाना चाहिए तथा शिक्षित समाज बनाने में निरंतर सहयोग देते रहना चाहिए।

# नरेश ग्रोवर बने जिला संयोजक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के वरिष्ठ व्यवसायी, समाजसेवी एवं भाजपा नेता नरेश ग्रोवर को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने विभिन्न मोर्चा



एवं प्रकोष्ठों के संयोजक नियुक्त किये हैं। इसी के तहत समाजसेवी एवं व्यवसायी नरेश ग्रोवर को भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने जिला संयोजक नियुक्त किया है। श्री ग्रोवर के जिला संयोजक नियुक्त होने पर तमाम लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। जिला संयोजक नियुक्त होने पर नरेश ग्रोवर ने जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, विधायक शिव अरोरा समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है उस पर पूरी निष्ठा से काम करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का परचम लहराने के लिए पार्टी हाईकमान के दिशा निर्देशों के अनुरूप काम किया जायेगा।

# शिव बारात पर मातृशक्ति ने घड़ोली निकालकर दीं शुभकामनाएं

गदरपुर(उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि पर्व पर मातृशक्ति द्वारा श्री शिव पार्वती विवाह के मंचन कार्यक्रम से पूर्व कलश यात्रा निकालकर जश्न मनाया गया । मातृशक्ति द्वारा वार्ड नंबर 4/7 स्थित श्री पुरातन शिव मंदिर से ढोल नगाड़ों एवं नृत्य के बीच वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर शुभकामनाएं देते हुए श्री शिव बारात में शामिल होने का न्योता दिया । मंदिर पहुंचने पर भोले बाबा का जलाभिषेक करने के उपरांत पंडित वी के दूबे द्वारा सर्वत्र सुख शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की गई।इस मौके पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष जय किशन अरोड़ा,वेद भगत,नैब सिंह धलीवाल,अनिल गुंबर,राजेंद्र बेहड़,रविंद्र



चावला,अनिल जैन, प्रवीण भगत के अलावा महिला मंडल की सीमा रानी,सरिता कश्यप,बिंदु शर्मा,विजय अरोड़ा, फूलां रानी अरोड़ा,संज्ञा दुबे,अंजू कुमार,कृष्णा बत्रा,निशा गगनेजा, ज्योति धमीजा,दिशा गगनेजा, कमला रानी,सीमा गगनेजा, पूनम धमीजा, एकता, नमिता,राधा रानी, शम्मी कालड़ा सहित तमाम महिलाएं एवं बच्चे शामिल रहे ।

## पेज एक का शेष...

**शिव भक्ति में डूबी...** आशु नागपाल, विपिन अरोरा, परमजीत सिंह, ओमप्रकाश अरोरा, नितिन वर्मा, समप्रीत ग्रोवर, सौरभ बेहड़, शुभम अरोरा आदि मौजूद रहे। वहीं श्याम टाकीज रोड स्थ्ज्ञित श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, सहित ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, बंगाली कालोनी, माडल कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, संजय नगर, आदर्श कालोनी, अटरिया रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम भूरारानी, डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार आदि क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। इस मौके मंदिरों को फूलमालाओं व रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया है। अनेक मंदिरों में धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं। सुरक्षा के लिए मंदिरों में पुलिस कर्मी भी तैनात रहे। वहीं पुलिस अधिकारी भी मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। **खटीमा**- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर चकरपुर स्थित बनखंडी महादेव मंदिर में फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया । इसके उपरान्त मुख्यमंत्री धामी ने बनखंडी महादेव मंदिर में जलाभिषेक पूजा अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की । उन्होंने क्षेत्रवासियों व सभी मेलार्थियों को महाशिवरात्रि की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल,ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी,जीवन सिंह धामी ,भवानी भंडारी,ललित। बोरा,सोमनाथ ,विक्रम भट्ट,कमलदीप राणा,गोपाल बोरा,नवीन बोरा,रमेश जोशी राजू ,सतीश गोयल, नंदन सिंह खरायत, रेणु भंडारी, मोहिनी पोखरिया,भुवन भट्ट,सहित जिलाधिकारी उदय राज सिंह ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजुनाथ टीसी ,अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय , उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बेस्ट ,मनीष बिष्ट ,सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि,मौजूद थे । **हल्द्वानी**-महाशिवरात्रि का पर्व शिव भक्तों द्वारा श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ बड़े धूमधाम से मनाया गया। श्री सत्यनारायण मंदिर हल्द्वानी में मंदिर के मुख्य पुजारी चंद्रशेखर जोशी द्वारा शिवलिंग का अभिषेक किया गया एवं पूजा अर्चना की गई। मंदिर में भक्तों के लिए हरिद्वार से लाए गए गंगाजल की भी व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर के अध्यक्ष पंकज कपूर ने सभी भक्तों को महाशिवरात्रि की बधाई दी एवं कहा कि भोलेनाथ की कृपा सभी लोगों पर बनी रहे। वहीं नगर के श्री बेलवाबा मंदिर, श्री शिव मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर विष्णुपुरी, श्री लटुरिया आश्रम, श्री राम मंदिर, श्री आंवलेश्वर महादेव मंदिर, मां शीतला देवी मंदिर सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी मंदिरों में शिव भक्तों ने महा शिवरात्रि पर्व पर शिवलिंग पर विधि विधान से जलाभिषेक कर पूजा की। **काशीपुर**- महाशिवरात्रि के पावन मौके पर भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक करने को लेकर शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। महाशिवरात्रि के मौके पर क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठानों के अलावा भंडारे आदि कराए जा रहे हैं। खबर लिखे जाने तक विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना का क्रम लगातार जारी है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पवन मौके पर क्षेत्र की तमाम मंदिरों को रंग बिरंगी विद्युत झालरों से सजाया गया है। चौती मेला मैदान स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर, मोहल्ला पक्काकोट स्थित नागनाथ मंदिर, गंगे बाबा रोड स्थित शिव मंदिर, मोहल्ला गौतम नगर तथा कलश मंडप रोड स्थित शिव मंदिरों के अलावा क्षेत्र के दर्जनों शिवालयों में हर हर बम बम के गगन भेदी उद्घोष के साथ भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक का क्रम लगातार जारी है। मोटेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारों की तादात में हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लाकर कांवरियों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हुए जगत के कल्याण की कामना की। इस मंदिर पर पूजा अर्चना करने को लेकर रात्रि 2:00 बजे से शिव भक्तों की लंबी कतार लग गई। महाशिवरात्रि के मौके पर ऐतिहासिक चौती मेला मैदान पूरी तरह मेले में तब्दील नजर आ रहा है। ऐसे ही जहां एक और कांवरियों द्वारा शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर सनातन संस्कृति से जुड़े असंख्य परिवारों ने भी महाशिवरात्रि के मौके पर उपवास रखकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हुए उनका जलाभिषेक कर घर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि के मौके पर क्षेत्र में तमाम स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठानों के अलावा पूजा अर्चना तथा भंडारे कराए जा रहे हैं।

**दमन के खिलाफ ...**वहां के नागरिकों खास तौर पर महिलाओं का दमन उत्पीड़न जारी है। इस पर रोक लगाई जानी चाहिए और दोषी अधिकारियों को दंडित किया जाना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि, अंकिता हत्याकांड हुए डेढ़ साल का समय बीत चुका है लेकिन अभी तक राज्य की धामी सरकार ने न तो अंकिता के अपराधी को अभी तक दंड दिया है और न ही जिस वीआईपी के कारण अंकिता की हत्या हुई उसके नाम का खुलासा किया गया। जबकि मुख्यमंत्री ने स्वयं अंकिता हत्याकांड की अतिशीघ्र जांच और फास्ट ट्रैक कोर्ट से न्याय की बात कही थी। अंकिता के माता पिता न्याय के लिए धरने पर बैठे हैं लेकिन भाजपा सरकार ने कान बंद कर रखे हैं।धरने में भाकपा माले जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल, सपा के वरिष्ठ किसान नेता अवतार सिंह, ऐक्टू प्रदेश महामंत्री के के बोरा, सर्वोदय मंडल अध्यक्ष इस्लाम हुसैन, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मधु सांगुडी,विवेक शाह सपा प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी नैनीताल, हरपाल शर्मा राष्ट्रीय सचिव समाजवादी लोहिया वाहिनी, अंबेडकर मिशन के अध्यक्ष जी आर टम्टा, एडवोकेट कैलाश जोशी, एडवोकेट बबीता उप्रेती, एडवोकेट बुशरा, एडवोकेट निषाद, कांग्रेस नेता अब्दुल अजीज कुरैशी, आइसा जिला अध्यक्ष धीरज कुमार,भीम आर्मी के पंकज आंबेडकर, माले नेता ललित मटियाली, चंद्रशेखर भट्ट, प्रकाश फुलोरिया, मनोज आर्य, प्रभात पाल, हबीब, नदीम, विपिन शुक्ला, योगेश, रीता इस्लाम,परिजात, विकास कुमार, सतनाम सिंह, दीपक समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

**मनीष खंडूड़ी ने...**की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं। मेरा यह निर्णय बिना किसी व्यक्तिगत हित अथवा अपेक्षा से लिया गया है। बता दें कांग्रेस के गढ़वाल लोकसभा प्रत्याशी मनीष खंडूड़ी का जन्म पूर्व मुख्यमंत्री व गढ़वाल सांसद मेजर जनरल बीसी खंडूड़ी के घर 16 अक्टूबर 1968 को हुआ। शिक्षा में बचपन से ही अव्वल मनीष ने नेताजी सुभाष चंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से बीई की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उत्तराखंड में गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी मनीष खंडूड़ी को इंजीनियरिंग और मीडिया के क्षेत्र में महारथ हासिल है। चुनाव से ठीक पहले पार्टी से इस्तीफा देने के अब कई राजनैतिक मायने सामने आ रहे हैं।

**संदिग्ध हालातों में...**के तीन भाई रामप्रताप, बुद्धसेन व पप्पू और हैं जो ग्राम में रहकर मजदूरी करते हैं। वहीं दूसरा मामला वार्ड नं. सात शिवनगर का है। यहां 38 वर्षीय हरेन्द्र पुत्र श्री चंद ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगाकर जान दे दी। 112 पर सूचना मिलने के बाद उप निरीक्षक गणेश पांडे, उप निरीक्षक विकास रावत टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पूछताछ में मृतक के परिजनों ने बताया कि उक्त हरेंद्र नशे का आदि था और अपनी पत्नी से अकसर मारपीट करता था। कोतवाल भारत सिंह ने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# रामनगर के गूलर सिद्ध मंदिर में उमड़ा भक्तों का रैला

रामनगर (उद संवाददाता)। शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व रामनगर व आसपास के इलाकों में पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी शिव मंदिरों में भगवान शंकर के भक्तों ने पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। वही हरिद्वार से कावड़ में पवित्र जल लेकर आए सैकड़ो कावड़ियो ने भी शिवालयों में जलाभिषेक किया ।महाशिवरात्रि पर्व पर माता बाल सुंदरी देवी पर्यावरण



सेवा समिति के तत्वाधान में विशाल मेले का भी आयोजन किया गया यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु व कावड़ियों ने पूजा अर्चना करने के साथ ही जलाभिषेक करते हुए पहाड़ी पर स्थित बाबा गूलर सिद्ध के भी दर्शन किए। मंदिर समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाने को लेकर जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात किया गया था।

# पुण्य तिथि पर भारत रत्न पंत को किया नमन

किच्छा(उद संवाददाता)।पंत जयंती समारोह समिति किच्छा के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में भारतरत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत को उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पंत समिति किच्छा के मुख्य संयोजक हरीश पंत ने बताया कि 7 मार्च सन 1961को पंत जी ने अंतिम सांस ली थी।वो महान चिंतक विचारक कुशल प्रशासक थे। पंडित पंत प्रधान मंत्री संयुक्त प्रांत 1937 से 1939 तक रहे। प्रथम मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सन 1946 स1954 तक रहे। गृहमंत्री भारत सरकार सन 1955 से 1961 तक रहे। एक गरीब ब्राह्मण परिवार में जन्म लेकर कठिनाइयों का सामना करते हुए इस ऊंचाई तक पंहुंचे। इस तराई को बसाने का काम भारत रत्न पंडित पंत ने ही किया।तराई के कण-कण मे पंत जी की आत्मा बसती है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में चंद्रशेखर पंत,हरीश पंत, कैलाश काण्डपाल, लीलाधर जोशी,कैलाश पाठक, केवलानंद सुनारी, महेश शर्मा, सुरेश चावला, ललित पंत, बसंत बल्लभ जोशी, उमाशंकर, मिहीलाल,गगन पंत, बसंत बल्लभ पंत, कश्मीर लाल अरोरा, दिनेश लोहनी,आदि अनेक कार्यकर्ता थे ।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)











# विधायक ने हरिदासपुर में कर्मकार बोर्ड व श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को बांटी सामग्री



रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने कर्मकार बोर्ड व श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को ग्राम हरिदास में श्रम विभाग के सौजन्य से सामग्री किट वितरित की। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा प्रदेश कि धामी सरकार जो सदैव गरीब, मजदूर के हितों को ध्यान में रख के कार्य करती हैं, उसके चलते यह सामग्री किट जिसमें कम्बल सैनेटरी पेड, छाता आदि उपलब्ध है, जो रोजाना मजदूरी करने वाले व्यक्ति के काफी उपयोगी साबित होता है। विधायक ने कहा कि हमारी विधानसभा में लगभग आठ हजार लोगों को इस किट को बांटा जाना था, उसके के क्रम में ग्रामीण क्षेत्र के हरिदासपुर में कैम्प लगाकर किट वितरण का कार्य किया गया है। सरकार की हर योजना का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे हर वर्ग को मिले ऐसे संकल्प के साथ निरन्तर हम क्षेत्र हित मे कार्य कर रहे हैं। आने वाले समय मे अलग अलग क्षेत्रो में कैम्प लगाकर सामग्री किट को सभी श्रम कार्ड धारकों को देने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग , समाजसेवी राजेश डाबर, प्रीत ग्रोवर, जिला पंचायत प्रतिनिधि सुदर्शन विश्वास, राजेश बजाज, प्रीत ग्रोवर, बिट्टू चौहान, दुलाल मालिक, कौशल विश्वास, रजत खरवार आदि लोग मौजूद रहे।